चौंसठ कलावाली, मधुर वचन बोलने वाली, कमनीया, (कान्ता) या ब्रह्म-सिद्धान्त वाली, उत्तम मदिरा को चाहने वाली, ब्रह्मादि तथा भक्तों को वर देने वाली, सुन्दर नयनों वाली, (या वाम मार्ग पर ले जाने वाली) मदिरा के मद से विह्वला या मदिरा पीने वाले भी जिस देवी के कारण अविह्वल हैं, उस देवी को नमस्कार है ॥७४॥

विमर्श -

कलालापा-कलःआलापः यस्याः, मधुर बोलने वाली। कं लालापं यया सा, ब्रह्म, लार के समान सुलभ है जिससे वह, या, कं ब्रह्म, तस्य लालावत्, आपः-अतिसुलभा, प्राप्तिर्यस्याः। ब्रह्म की लार के समान अति-सुलभ प्राप्ति वाली। ये सभी अर्थ हो सकते हैं। कान्ता = कमनीया, या, कं = ब्रह्म, अन्तः सिद्धान्तः, यस्याः, ब्रह्म सिद्धान्त स्वरूपिणी या कृष्णपक्ष की एकादशी रात्रिरूपा, ये सभी अर्थ हो सकते हैं। वरदा का अर्थ "उत्तान हाथ" भी है। "उत्तानो वरदः पाणिरेष देव्याः सदैव तु"।। वामनयना = वाम, कर्मजन्य-फल को भी कहते हैं। कर्मजन्य फल को प्राप्त कराने वाली, या, वाम = मार्गविशेष, पर ले जाने वाली, ये दो अन्य अर्थ भी वामनयना पद के हो सकते हैं। वारुणीमदविह्वला = वारुण्याः मदः, वारुणीमदः, तेन विह्वला, इस विग्रह के अतिरिक्त - वारुणी अस्ति अस्य इति वारुणीमान् = शेषः, तद्वत् अविह्वला। शेष के समान अविचला। या, वारुणीमन्तः अविह्वला यया। या, वारुणीमान् - वायुदैवत नाडी को जीतने वाले, तद्वद् अविह्वला।

विश्वाधिका वेदवेद्या विन्ध्याचलनिवासिनी।
विधात्री वेदजननी विष्णुमाया विलासिनी ॥७५॥

हिन्दी -

क्षिति से लेकर शिव पर्यन्त विश्व है, उस विश्व से भी अधिक उत्कृष्ट, ऋग्यजुस्साम और अथर्ववेद द्वारा ज्ञेय स्वरूप वाली, विन्ध्याचल पर्वत पर निवास करने वाली, संसार को धारण या पोषण करने वाली, या विधाता की पत्नी (विधात्री) वेदों की जननी, देश काल से अपरिच्छिन्न व्यापनशील विष्णु की भी आवरणकर्त्री-माया, (सीमित करने वाली) विक्षेपशक्तियुक्ता (विलासिनी) देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥७६॥

विमर्श -

शैवागम के अनुसार क्षिति से लेकर शिव पर्यन्त छत्तीस तत्वों का विश्व है। यह देवी उससे अतिरिक्त तथा उत्कृष्ट है, क्योंकि यह उन तत्वों से संपृक्त होकर भी पृथक् अस्तित्व वाली है। विधात्री = धृञ् धारणपोषणयोः, धारण करने वाली या पोषण करने वाली शक्ति, या विधाता की पत्नी। विष्णुमाया = व्यापनशील, देशकाल से भी सीमित न करने योग्य, यह विष्णु का अर्थ है। उस असीमित को भी सीमित करने वाली यह माया है। माया का अर्थ है सीमित करना, आच्छादित करना। अत एव दुर्गा सप्तशती में "विष्णुमायां प्रतुष्टुवुः" इस पद्यांश में भी इन्हें विष्णुमाया कहा गया है।

क्षेत्रस्वरूपा क्षेत्रेशी क्षेत्रक्षेत्रज्ञपालिनी।
क्षयवृद्धिविनिर्मुक्ता क्षेत्रपालसमर्चिता ॥७६ ॥

हिन्दी -

छत्तीस तत्त्वात्मक-शरीर (क्षेत्र) वाली, क्षेत्रेश = शिव की पत्नी, शरीर (क्षेत्र) एवं जीव (क्षेत्रज्ञ) को पालने वाली, क्षय और वृद्धि नामक भावविकारों से सर्वथा रहित, क्षेत्रपाल (शिवावतार-विशेष) द्वारा सम्यक् अर्चिता देवी श्री ललिता को नमस्कार है ॥७६ ॥

विमर्श -

क्षेत्र नाम है काम रूप आदि का, तथा पृथिव्यादि-शिवान्त छत्तीस तत्त्वात्मक शरीर का। वह ही स्वरूप है जिसका वह क्षेत्रस्वरूपा देवी है। क्षेत्र नाम है शरीर का तथा क्षेत्रज्ञ जीव है। कहा गया है "इदं शरीरं वसुधे क्षेत्रमित्यभिधीयते। एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः" ॥ (विष्णुस्मृति) क्षेत्रपाल नाम है शिवावतार-विशेष का। कथानक इस प्रकार है कि दारुकासुर के वध के लिए शिव ने काली को उत्पन्न किया। काली ने दारुक को मारा, फिर भी उसका क्रोध शान्त नहीं हुआ। काली के क्रोध को शान्त करने के लिए शिव, बालक-रूप धारण कर रोने लगे। काली ने उस बच्चे को स्तनपान कराया। बच्चे ने दूध पीने के साथ ही देवी का क्रोध भी पी लिया। वही बालक "क्षेत्रपाल" है।

विजया विमला वन्द्या वन्दारुजनवत्सला।
वाग्वादिनी वामकेशी वह्निमण्डलवासिनी ॥७७ ॥

हिन्दी -

विशेष जय वाली, (संविद्रूपा) आणवादि मलों से रहित (शुद्ध) वन्दना के योग्य, वन्दना करने वाले (वन्दारु) लोगों पर वात्सल्य रखने वाली, वाणी बोलने वाली देवतारूपा, सुन्दर केशों वाली, या वामकेश तन्त्र में प्रतिपादित ईश्वरी, वह्निमण्डल में निवास करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥७७ ॥

विमर्श -

वामकेशी = वामा: केशा: यस्या: सा वामकेशी, सुन्दर केशों वाली, या, वामका का ईश, शिव, उसकी स्त्री। या, वामकेश द्वारा प्रतिपादित तन्त्रशास्त्र से प्रतिपाद्य-भाव से सम्बन्ध रखने वाली देवी हुई वामकेशी। वह्निमण्डलवासिनी = वह्नि शब्द सोम, सूर्य और अग्निमण्डल का वाचक है। उन तीनों मण्डलों में रहने वाली या मूलाधार अथवा परमाकाश में विद्यमान वह्निमण्डल में निवास करने वाली।

भक्तिमत्कल्पलतिका पशुपाशविमोचनी।
संहृताशेषपाखण्डा सदाचारप्रवर्तिका ॥७८ ॥

हिन्दी -

भक्तिवाले लोगों के लिए (अभीष्ट-दायिनी) कल्पलता के समान, आणवादिमल युक्त विद्याविहीन (पशु) लोगों को पाश- (देहात्मा की अपनी ख्याति, तथा पाप-पुण्य आदि) से मुक्त करने वाली या विद्याविहीन लोगों को भूख और प्यास से मुक्त करने वाली, वेदार्थ को दूषित करने वाले समस्त लोगों का नाश कर चुकी, अत एव सदाचार (उत्तम आचरणो) की प्रवर्तिका देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥७८ ॥

विमर्श -

भक्ति है जिसमें वह भक्तिमान्, भक्तिमानों के लिए कल्पलता के समान अभीष्ट वस्तुओं को देने वाली होने से देवी भक्तिमत्कल्पलतिका हैं। या, भक्तिमत्कल्प = अपूर्ण भक्तों की, लतिका = विस्तार करने वाली हैं देवी। पशुपाशविमोचनी = अभेद-ज्ञानरूप विद्या से हीन को पशु कहते हैं, या, आणवादि-मलों से युक्त ब्रह्मादि स्थावरान्त जीव पशु के समान धर्मवाला होने से पशु है। उनको पाश से = बन्धन के साधन अविद्या से, मुक्त करने वाली, या, पा = पाने एवं अश् = भक्षणे से क्विप् कर पा अश् बना। हलन्त से टाप् कर समाहारद्वन्द्व करने से पाश बनेगा। विद्याविहीनों को (पशु को) प्यास एवं भूख से मुक्त करने वाली हैं देवी।

तापत्रयाग्निसंतप्तसमाह्लादनचन्द्रिका।
तरुणी तापसाराध्या तनुमध्या तमोपहा॥ ७९॥

हिन्दी -

आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक इन तीन तापों को उत्पन्न करने वाली संसाराग्नि से संतप्त लोगों को सम्यक् आह्लादित करने में (ताप निवारण में) चन्द्रिका के समान, जरा, मरण से रहित नित्य तरुणीरूपा, तपस्वियों द्वारा आराधना की जाने वाली, क्षीणकटि वाली, तथा भक्तों की अविद्या-वृत्तियों को (तम) नष्ट करने वाली देवी को नमस्कार है॥ ७९॥

विमर्श -

आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक ये तीन ताप हैं, और संसार ही इन तापों को उत्पन्न करने वाला अग्नि है। संसाराग्नि में संतप्त लोगों को शीतलता प्रदान करने वाली देवी हैं। जैसे सूर्यादि के ताप से तप्त लोगों को चान्दनी शीतलता प्रदान करती है, उसी तरह देवी भी ताप हरण कर आह्लादित करती हैं।

चितिस्तत्पदलक्ष्यार्थी चिदेकरसरूपिणी।
स्वात्मानन्दलवीभूत-ब्रह्मानन्दसन्ततिः॥ ८०॥

हिन्दी -

ज्ञानस्वरूपा, (चिति) 'तत्त्वमसि' इत्यादि वाक्य में स्थित 'तत्' पद के लक्ष्यार्थ से सम्बन्धित, ज्ञान से अभिन्न-स्वरूप वाली (चिदेकरसरूपिणी) स्वीय आत्मभूत आनन्द के द्वारा सृष्टिकर्ता ब्रह्मादि के आनन्द समूहों को लव = अंशमात्र, प्रदान करने वाली देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ ८०॥

विमर्श -

देवी, चिति = अविद्याविरोधी ज्ञानस्वरूपा मानी गई है तथा तत्पदलक्ष्यार्था - 'तत्त्वम् असि' इस महावाक्य में 'तत्' पद का लक्ष्यार्थ ब्रह्म है। जीवात्मा = अल्पज्ञ को, तत् = सर्वात्मा, सर्वज्ञ, माना गया है। भिन्न वस्तुओं में ऐक्य सम्पादित करने हेतु लक्षणा मानी गई है। देवी को ब्रह्मस्वरूपा माना गया है। अत एव तत् इस पद से लक्षणीय अर्थवाली देवी है। स्वात्मानन्द = देवी का अपना स्वरूप 'आनन्द' है। सृष्टि के कर्तृत्व आदि धर्मों से युक्त ब्रह्मा आदि का आनन्द भी देवी के आनन्द से लव-मात्र है। देवी का आनन्द सागर है, अन्यों का आनन्द सागर की बूंद सदृश है। अत एव कहा गया है कि - "एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति।"

परा प्रत्यक्चितीरूपा पश्यन्ती परदेवता।
मध्यमा वैखरीरूपा भक्तमानसहंसिका॥ ८१॥

हिन्दी -

मूलाधार में उत्पन्न भावात्मक कारणबिन्दु, जिसे शब्दब्रह्म कहते हैं, वही परा है। देवी परा वाणी रूपा हैं, अव्यक्त संज्ञक ब्रह्मस्वरूपा हैं देवी, देवी स्फुटतर अवयवों वाली पश्यन्ती वाग्रूपा हैं, या अपनी आत्मा में सभी को देखने के कारण पश्यन्ती हैं, परदेवता = उत्कृष्ट, उपास्य ईश्वररूपा हैं, हृदयस्थ वाणी मध्यमारूपा हैं, कण्ठ तालु आदि स्थानों से स्पष्ट अवयवों की प्रतीति वाली वाणी वैखरी रूपा हैं, भक्तों के मानस = मनोरूप सरोवर, में हंस के समान विराजमान हैं। ऐसे स्वरूप वाली देवी ललिता को नमस्कार है॥ ८१॥

विमर्श -

परावाङ् मूलचक्रस्था पश्यन्ती नाभिसंस्थिता।
हृदिस्था मध्यमा ज्ञेया वैखरीकण्ठदेशगा॥

तन्त्रशास्त्र और अन्य शास्त्रों में भी निर्गुण ब्रह्म को शब्दब्रह्म माना है, तथा उसी से संसार की उत्पत्ति मानी है। शब्दब्रह्म के चार विभाजन किए गये हैं - (१) परा (२) पश्यन्ती (३) मध्यमा (४) वैखरी।

मूलचक्र में स्थित सभी का कारणबिन्दु, परावाक् (शब्द) है। यह स्पन्दशून्या है। यही वाक् नाभि पर्यन्त आती हुई वायु के द्वारा अभिव्यक्त होकर तथा विमर्श मन से युक्त होकर पश्यन्ती कहलाती है। यहाँ सामान्य स्पन्द है, तथा यह प्रकाशरूप कार्यबिन्दु है। वही शब्दब्रह्म (वाक्) नाभि से ऊपर आती वायु के द्वारा हृदय देश में अभिव्यक्त होता हुआ तथा निश्चयात्मिका बुद्धि से युक्त होकर मध्यमा कहलाता है। यह विशेष- स्पन्दों वाला तथा नाद की स्पष्टता लिए है। जपादि के समय में इसकी अनुभूति हम कर सकते हैं। पुनः यह वाक् (शब्दब्रह्म), वायु द्वारा मुख तक लाई जाती हुई तथा कण्ठ, तालु आदि स्थानों से अभिव्यक्त होकर अकार आदि वर्ण रूप को ग्रहण करती हुई वैखरी कहलाती है। यह सुनाई पड़ती है। यह बीजात्मक प्रकाश है। यह सब स्वरूप देवी श्रीललिता का ही है।

कामेश्वरप्राणनाडी कृतज्ञा कामपूजिता।
शृङ्गाररससम्पूर्णा जया जालन्धरस्थिता॥ ८२॥

हिन्दी -

कामेश्वर = परमशिव, की जीवननाड़ी के समान, किये गये सुकृत एवं दुष्कृत (पुण्यकर्म, पापकर्म) को जानने वाली, या भक्तों द्वारा की गई उपासना के अनुरूप फलदान को जानने वाली, काम = मन्मथ, से पूजित, शृङ्गार-रस से परिपूर्ण, या आवरक-विद्या से युक्त होती हुई भी ब्रह्ममयी, जयस्वरूपा, तथा जालन्धर नामक पीठविशेष में स्थित, देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ ८२ ॥

विमर्श -

शृङ्गाररससम्पूर्णा = शृंगार नामक रस से परिपूर्ण, या शृङ्ग = प्रधानभूत, अररम् = कपाट या आवरका-विद्या है, जिसके पास वह हुई शृंगाररा, ससम्पूर्णा - सम्पूर्ण = ब्रह्म, उसके साथ ससम्पूर्णा, प्रधानभूत आवरका-विद्या के साथ ब्रह्मयुता। सगुण-ब्रह्म व निर्गुण-ब्रह्म रूपा है देवी, यह अर्थ भी इस पद का हुआ। जालन्धर-पीठ में विष्णुमुखी देवी प्रतिष्ठित हैं, ऐसा वर्णन पाद्मशास्त्र में आया है।

ओड्याणपीठनिलया बिन्दुमण्डलवासिनी।
रहोयागक्रमाराध्या रहस्तर्पणतर्पिता ॥ ८३ ॥

हिन्दी -

ओड्याण पीठ पर निवास करने वाली, सम्पूर्ण आनन्दमय बिन्दुचक्र में वास करने वाली, अथवा ब्रह्मरन्ध्र में रहने वाली, एकान्त में आधार-आदि चक्र पर उपासकों द्वारा किये जा रहे भावनामय याग के क्रम से आराधना-योग्य, तथा मन्त्रार्थध्यान पूर्वक नानाविध द्रव्यों से तृप्त की गई देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥ ८३ ॥

विमर्श -

सर्वानन्दमय चक्र को बिन्दु मण्डल कहते हैं, या बिन्दु कहते हैं शुक्ल को, उसका मण्डल है, ब्रह्मरन्ध्र। उसमें निवास करने वाली देवी है। रहोयाग = एकान्त में किया गया भावनामय याग। यह याग आधारादिचक्र पर किया जाता है। या, एकान्त-संगति का नाम है रहोयाग। रहोयाग में क्रम से = पादविक्षेप, से प्राप्त करने योग्य, यह अर्थ भी निकलता है। रहस्तर्पण का अर्थ है - मन्त्रार्थविभावन, मन्त्रार्थध्यान पूर्वक नानाविध द्रव्यों से तर्पित हैं देवी।

सद्यः प्रसादिनी विश्वसाक्षिणी साक्षिवर्जिता।
षडङ्गदेवतायुक्ता षाड्गुण्यपरिपूरिता ॥ ८४ ॥

हिन्दी -

रहोयाग एवं रहस्तर्पण आराधनाओं से शीघ्र प्रसन्न होने वाली, (स्वरूप बोध के कारण) सम्पूर्ण संसार को देखने वाली, सभी की साक्षिणी होने से किसी साक्षी के बिना, हृदय, शिर, शिखा, नेत्र, कवच, एवं अस्त्र, इन अङ्गरूपी देवताओं की शक्ति से युक्त, अथवा छः अंगों के अधिष्ठाता देव महेश्वर से युक्त, एवं ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान, तथा वैराग्य, इन (पुराणोक्त) छः गुणसमूह से पूरित, या (कामन्दकोक्त) संधि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव, तथा समाश्रय, इन छः गुणों से परिपूर्ण देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ ८४ ॥

नित्यक्लिन्ना निरुपमा निर्वाणसुखदायिनी ।
नित्या षोडशिकारूपा श्रीकण्ठार्धशरीरिणी ॥ ८५ ॥

हिन्दी -

नित्य दया से आर्द्र, प्रतिमानरहित, अपरिमित सुख को देने वाली, या निर्बाण- (अशरीरी इयत्ता रहित) सुख को देने वाली, कामेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी आदि नित्या षोडशिकाओं के स्वरूप वाली, तथा श्रीकण्ठ = शिव के अर्ध-शरीर वाली (शिव के आधा शरीर से युक्त) देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ ८५ ॥

विमर्श -

निर्वाण का अर्थ अपरिमित है। या निर्गतं बाणं = शरीरम्, यस्मिन् तत्। जिसमें शरीर न हो ऐसा अशरीरी सुख देने वाली, इयत्ता की सीमा से रहित, असीमित सुख देने वाली। श्रीकण्ठ का अर्थ है शिव। श्रीः = विष, है कण्ठ में जिसके वह। उसका आधा शरीर है शरीर जिस देवी का, वह श्रीकण्ठार्धशरीरिणी हुई।

प्रभावती प्रभारूपा प्रसिद्धा परमेश्वरी ।
मूलप्रकृतिरव्यक्ता व्यक्ताव्यक्तस्वरूपिणी ॥ ८६ ॥

हिन्दी -

अणिमादि आवरणदेवता (प्रभा) वाली, गुणस्वरूपा, अथवा सूर्यादि की अपेक्षया अधिक प्रभास्वरूपा, प्रकाशकान्तर की अपेक्षा नहीं होने से प्रसिद्ध, उत्कृष्ट स्वामिनी, (परमेश्वरी) संसार के कारणभूत ईश्वर की स्वभावभूता, (प्रकृति) या मूल = श्रीविद्यामन्त्र, की प्रकृति = कारणभूता (प्रकाश एवं

विमर्श नामक दो अक्षर रूपा) अव्यक्ता = मायारूपा, तथा व्यक्त = कार्य, एवं अव्यक्त = कारण, इन दोनों का स्वरूप, देवी श्री ललिता को नमस्कार है ॥ ८६ ॥

विमर्श -

अणिमादि आवरणदेवता को प्रभा कहते हैं, तथा किरणों को व गुणों को भी। अतः अणिमादि आवरणदेवता का स्वरूप देवी है, तथा प्रभास्वरूपा है। मूलप्रकृतिः = जगत् के कारण ईश्वर को मूल कहते हैं, श्रीविद्यामन्त्र को भी मूल कहते हैं। ईश्वर की स्वभावभूता (प्रकृति) है या— श्रीविद्यामन्त्र का प्रकाश व विमर्श नामक प्रकृति है। या— सांख्यमत प्रसिद्ध मूलप्रकृति = सत्त्व, रजस् एवं तमोगुण की साम्यावस्था है। कार्यरूप में व्यक्त-रूप वाली तथा कारण-रूप में अव्यक्त रूप वाली है। माया रूप में तो अव्यक्त ही है।

व्यापिनी विविधाकारा विद्याविद्यास्वरूपिणी।
महाकामेशनयनकुमुदाह्लादकौमुदी ॥ ८७ ॥

हिन्दी -

संसार को व्याप्त करने वाली, काली तारा इत्यादि भिन्न-भिन्न आकार वाली, विद्या और अविद्या इन दोनों की स्वरूप वाली, (मुक्तिदायक = विद्या, बन्धन वाला ज्ञान = अविद्या) या बन्ध-मुक्ति-स्वरूप वाली, परमशिव के नयनरूप रक्तकमल (कुमुद) के खिलने में चन्द्रिका के समान स्थित, देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥ ८७ ॥

भक्तहार्दतमोभेदभानुमद्भानुसन्ततिः।
शिवदूती शिवाराध्या शिवमूर्तिः शिवङ्करी ॥ ८८ ॥

हिन्दी -

भक्तों के हृदय में उत्पन्न हो रहे आवरण शक्तिमय अज्ञान (तम) को नष्ट करने में सूर्य की किरणों के समूह की भाँति स्थित, शिव-रूप दूत वाली, शिव से आराधित, शिवरूप देहवाली, (शिव और शक्ति में अभेद होने के कारण) या, मङ्गलमय-शरीर वाली, या, मोक्षरूपा, भक्तों का कल्याण करने वाली, या, भक्तों को मोक्ष देने वाली, देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ ८८ ॥

विमर्श -

शिवमूर्तिः = शिव है मूर्ति (शरीर) जिसकी वह, शिव और शक्ति की अभिन्नता होने से देवी शिवमूर्ति हैं। अथवा शिवा = मङ्गलमयी, मूर्ति

= शरीरवाली, अथवा शिवः = मोक्षः, एव मूर्तिः = रूपम्, यस्याः, मङ्गलदायिनी, या मोक्षदायिनी हैं देवी, यह अर्थ भी निकलता है।

शिवप्रिया शिवपरा शिष्टेष्टा शिष्टपूजिता।
अप्रमेया स्वप्रकाशा मनोवाचामगोचरा॥ ८९॥

हिन्दी -

शिव की प्रिया, शिव से भी उत्कृष्ट, शास्त्र-विहित कर्म को चाहने वाली, शास्त्रविहित कर्मों से पूजित, या, शिष्ट-व्यक्तियों से पूजित, प्रमा के अयोग्य (अपरिच्छिन्न) या, ब्रह्म विष्णु आदि के द्वारा प्रमेया, स्वप्रकाशरूपा, मन और वाणी का अविषय, (वाणी और मन का विषय जो नहीं हो सकती है) देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ८९॥

विमर्श -

अप्रमेया = प्रमा के योग्य जो नहीं है। या; अकारेण = ब्रह्म विष्णु आदि को "अ" मानते हैं, उससे, प्रमा के योग्य। स्वप्रकाशा = आत्मरूप प्रकाशवाली, परा से प्रकाशन योग्य। जो मन और वाणी का विषय न बन सके वह "मनोवाचामगोचरा" है।

चिच्छक्तिश्चेतनारूपा जडशक्तिर्जडात्मिका।
गायत्री व्याहृतिः सन्ध्या द्विजवृन्दनिषेविता॥ ९०॥

हिन्दी -

अविद्यानिवारक चित्-शक्ति, या औपम्यशक्ति, चैतन्यस्वरूपा, पृथिव्यादि जड-पदार्थों को धारण आदि करने वाली शक्ति, (माया का परिणाम विशेष जडशक्ति है) दृश्यमात्र स्वरूप वाली (जडात्मिका-जड = दृश्यमात्र, आत्मा = स्वरूप है जिसकी, वह माया) चौबीस अक्षरों वाली गायत्री-स्वरूपा (गायत्री = गायन्तं त्रायते, गानकर्ता की रक्षा करती है।) व्याहृति रूपा = उच्चारणरूपा, या; मन्त्रविशेषरूपा, सन्ध्यास्वरूपा, (सम्यक् ध्यायन्ति अस्याम् इति सन्ध्या, सम्यक् ध्येयत्वात् वा सन्ध्या) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य-समूहों से अतिशय सेवित देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ ९०॥

तत्त्वासना तत्त्वमयी पञ्चकोशान्तरस्थिता।
निःसीममहिमा नित्ययौवना मदशालिनी॥ ९१॥

हिन्दी -

छत्तीस तत्त्वात्मक-आसन वाली, या छत्तीस तत्त्वों को बाहर करने वाली, (तत्त्वानि अस्यति, क्षिपति इति तत्त्वासना) ईश्वर और जीव रूपा, (तत्त्वम् - तत् = ईश्वर, त्वम् = जीव) या निर्गुण ब्रह्मस्वरूपा, शुभदायक शिव की पत्नी, (अयी) अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, तथा आनन्दमय इन पाँच कोशों के मध्य में स्थित, या श्रीविद्या, परंज्योति, निष्कलशाम्भवी, अजपा, और मातृका इन पाँच मन्त्रदेवताओं के मध्य में स्थित, असीम-महिमा वाली (तीनों कालों में रज के अभाव से) नित्य-यौवन वाली, स्वात्मानन्द से शोभने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ९१ ॥

विमर्श -

छत्तीस तत्त्वों के ऊपर होने से, या छत्तीस तत्त्वों को बाहर फेंकने से देवी 'तत्त्वासना' है। तत् = ईश्वर, त्वम् = जीव, अयी - शिवपत्नी, ये तीन स्वरूप देवी के हैं। तत्त्वमयी = निर्गुण ब्रह्म-रूपा हैं। अन्नमयादि कोशों के मध्य अन्तःसाक्षी रूप में स्थित हैं, या उन कोशों के मध्य (आनन्दमय कोश के मध्य) स्थित हैं। या श्रीविद्या-रूपी बिन्दु में देवी श्रीललिता जी स्थित हैं।

मदघूर्णितरक्ताक्षी मदपाटलगण्डभूः।
चन्दनद्रवदिग्धाङ्गी चाम्पेयकुसुमप्रिया॥ ९२ ॥

हिन्दी -

स्वात्मानन्द के मद से चञ्चल, रक्त-नयनों वाली, या स्वात्मानन्द के मद के कारण बाह्य-विषयों से विमुख रक्तनेत्रों वाली, आनंद-मद के कारण ही रक्त-श्वेत कपोल वाली, चन्दन से लिप्त अंगों वाली, चम्पा के पुष्पों को चाहने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ९२ ॥

विमर्श -

मद का अर्थ आनन्द एवं मद्य दोनों है। घूर्णित का अर्थ चञ्चल तथा बाह्यविषयों की विमुखता है। अतः प्रथम पद का अर्थ - मद्य-पान के कारण चञ्चल रक्त नेत्रों वाली या आनन्द के मद से चञ्चल नेत्रों वाली या बाह्य विषयों से विमुख रक्तनयनों वाली, ये हो सकते हैं। मदपाटलगण्डभूः = मद्यपान से पाटलवर्ण की गालवाली, या आनन्दमद के कारण रक्तश्वेत कपोल प्रदेश (गाल) वाली, अथवा मद = कस्तूरी, पाटल = गुलाब पुष्प, इन दोनों से युक्त मकरिकाचित्रित कर्णालंकारों से युक्त कपोल वाली।

कुशला कोमलाकारा कुरुकुल्ला कुलेश्वरी।
कुलकुण्डालया कौलमार्गतत्परसेविता॥ ९३॥

हिन्दी -

सृष्टिकर्म में कुशल, कोमल अवयव-विन्यास (आकार) वाली, कुरुकुल्ला नाम वाली, कुल = माता, मान, और मेयसमूहों की स्वामिनी, मूलाधारकर्णिका के छिद्रों में निवास करने वाली या स्वाप (शयन) करने वाली, कुलाचार के पालन में तत्पर लोगों द्वारा सेवित, देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ ९३॥

विमर्श -

कुशला = सृष्टिकर्म में निपुण। या - कुः = कुत्सित है, शलः = चन्द्र, जिसके सामने वह देवी। कुरुकुल्ला = यह देवी का नाम है। श्रीपुर में अहंकार और चित्तमय प्राकार के मध्य में विमर्शमय वापी में अधिकृत देवी। कुलेश्वरी = सजातीय माता, मान, और मेय, का समूह 'कुल' कहलाता है। मूलाधार एवं कर्णिका के मध्य स्थित बिन्दु 'कुलकुण्ड' कहलाता है। वही आलय = निवासस्थान, है. जिसका, या कुलकुण्ड में, आ = पूर्णतः, लया = सुषुप्तिवाली।

कुमारगणनाथाम्बा तुष्टिः पुष्टिर्मतिर्धृतिः।
शान्तिः स्वस्तिमती कान्तिर्नन्दिनी विघ्ननाशिनी॥ ९४॥

हिन्दी -

कुमार = कार्तिकेय, और गणेश की माता, तुष्टिरूपा, पुष्टिरूपा, मति = ज्ञानरूपा, धृति = धैर्यरूपा, शान्तिरूपा, स्वस्तिमती = कल्याणकारिणी, कान्तिरूपा, भक्तों को आनन्दित करने वाली, तथा भक्तों के विघ्नों का नाश करने वाली देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ ९४॥

तेजोवती त्रिनयना लोलाक्षी कामरूपिणी।
मालिनी हंसिनी माता मलयाचलवासिनी॥ ९५॥

हिन्दी -

तेजो गुणवाली, (आदित्यादि के तेज का आधार होने से तेजोवती) (सोम सूर्य एवं अग्नि रूप) तीन नेत्रों वाली, सुन्दर स्त्रियों के लिए काम-स्वरूपा, या सुन्दर स्त्रियों के लिए भी दर्शनीय रूप वाली, माला धारण करने वाली, या सात वर्षीय कन्यारूपा, हंस-वाहन वाली, मातृकारूपा परमेश्वरी, तथा मलयाचल पर वास करने वाली भगवती श्रीललिता को नमस्कार है॥ ९५॥

विमर्श -

सोम, सूर्य एवं अग्नि, देवी के ये तीन नयन हैं। या, नयन का अर्थ लक्षणा से 'प्रमाण' मानने पर 'प्रत्यक्ष अनुमान व शब्द रूप प्रमाण वाली' यह त्रिनयना पद का अर्थ होगा।

सुमुखी नलिनी सुभ्रूः शोभना सुरनायिका।
कालकण्ठी कान्तिमती क्षोभिणी सूक्ष्मरूपिणी॥ ९६॥

हिन्दी -

सुन्दर मुखवाली, या षोडशी के अङ्ग-रूप में उपास्या सुमुखी नाम वाली, मुख, नेत्र-आदि के कमलतुल्य होने से नलिनी = कमलिनी-रूपा, सुन्दर भ्रू वाली, सौन्दर्यशील होने से शोभना, देवताओं की पूज्या (नायिका) कालकण्ठ = शिव की पत्नी, या, मधुर ध्वनि वाली, कान्तिमती, परमेश्वर को सृष्टि के लिए क्षुब्ध करने के कारण क्षोभिणी, तथा सूक्ष्म से सूक्ष्म दुर्ज्ञेय रूपवाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ९६॥

विमर्श -

सुमुखी = षोडशी के अङ्गभूत उपास्य देवता-विशेष भी सुमुखी है। देवी का मुख, नेत्र, कर, और चरण, कमल-सदृश हैं, अतः उनके स्वरूप को ही नलिनी = कमलिनी मान लिया है। कालकण्ठी - कालकण्ठ = शिव, उसकी पत्नी। या, कल ही काल है। कल का अर्थ मधुर है। काल = मधुर है, कण्ठ = कण्ठध्वनि, जिसकी वह। क्षोभिणी - सृष्टि के लिए परमेश्वर को क्षुब्ध करने वाली, या, मन के क्षोभ से किन्हीं गणों को उत्पन्न करने वाली।

वज्रेश्वरी वामदेवी वयोऽवस्थाविवर्जिता।
सिद्धेश्वरी सिद्धविद्या सिद्धमाता यशस्विनी॥ ९७॥

हिन्दी -

जालन्धर-पीठाधीश्वरी वज्रेश्वरी, वामदेव = अर्धनारीश्वरं की पत्नीरूपा, या, कर्मफल (वाम) की अधिष्ठात्री देवी, बाल्यादि अवस्था-विशेषों से रहित, सिद्धों की स्वामिनी, सिद्धविद्यारूपा, या, सिद्ध लोगों की जपयोग्य विद्या, सिद्धों की रक्षा करने वाली माता एवं यश वाली देवी श्रीललिता जी को प्रणाम है॥ ९७॥

विमर्श -

वज्रेश्वरी = जालन्धर-पीठ की देवी का नाम। अथवा श्रीपुर के वज्रमणि निर्मित बारह तोरणों में से ग्यारहवें के मध्य वज्रा नाम की नदी है। उसकी ईश्वरी है यह। वामदेवी = वामेन दीव्यति इति अर्धनारीश्वरः वामदेवः। उसकी यह सुन्दर पत्नी। या, वाम = कर्मफल, उनकी अधिष्ठात्री देवी। या, वामाचार में रत वाम लोगों की देवी = आराध्या।

विशुद्धिचक्रनिलया रक्तवर्णा त्रिलोचना।
खट्वाङ्गादिप्रहरणा वदनैकसमन्विता॥ ९८॥

हिन्दी -

कण्ठ में स्थित षोडशदल-कमल (विशुद्धिचक्र) पर रहने वाली, आरक्त = पाटल, वर्णवाली, तीन नेत्रा वाली, खट्वा = खाट, के अङ्ग पाए आदि शस्त्रवाली, (या, दण्ड पर आरोपित नरमुण्ड वाली) तथा एक मुख से युक्त (एकमुखी) श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ ९८॥

पायसान्नप्रिया त्वक्स्था पशुलोकभयङ्करी।
अमृतादिमहाशक्तिसंवृता डाकिनीश्वरी॥ ९९॥

हिन्दी -

पयःपक्व अन्न = (पायसान्न) खीर को पसन्द करने वाली, त्वचा रूप धातु में रहने वाली, अद्वैतविद्याविहीन लोगों के लिए भय देने वाली, अमृता आदि सोलह महाशक्तियों से घिरी हुई, तथा डाकिनी-चक्र की अधिष्ठात्री, डाकिनी नामक स्वामिनी, श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ ९९॥

विमर्श -

पशुलोकभयङ्करी = दुष्टहृदय को पशु कहते हैं, या अद्वैतविद्या-विहीन लोग पशु हैं, उन दुष्ट हृदयों के लिए या अद्वैतविद्याहीन लोगों के लिए देवी भय देने वाली हैं।

अनाहताब्जनिलया श्यामाभा वदनद्वया।
दंष्ट्रोज्ज्वलाऽक्षमालादिधरा रुधिरसंस्थिता॥ १००॥

हिन्दी -

हृदय में स्थित द्वादश-दल कमल (अनाहतचक्र) पर रहने वाली, (योगिनी रूपा) श्याम-कान्ति वाली, या षोडशवर्षीया के समान आभा वाली, दो

मुखों वाली, वराह के समान उज्ज्वल दाँतों से सुशोभित, अक्षमाला जपमाला आदि आयुधों को धारण करने वाली, तथा रक्त पर स्थित देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है ॥ १०० ॥

कालरात्र्यादिशक्त्यौघवृता स्निग्धौदनप्रिया।
महावीरेन्द्रवरदा राकिण्यम्बास्वरूपिणी॥ १०१ ॥

हिन्दी -

कालरात्रि, महारात्रि, मोहरात्रि, इत्यादि शक्तिसमूहों से घिरी हुई, घृत से परिपूर्ण ओदन को चाहने वाली, महावीरेन्द्रों को वर देने वाली, या महावीर = प्रह्लाद तथा इन्द्र, को वर देने वाली, और राकिनी-अम्बा के स्वरूप को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १०१ ॥

विमर्श -

कालरात्रि आदि नाम से देवी की बारह शक्तियाँ हैं। उस शक्ति-समूह से देवी घिरी हैं। महावीरेन्द्रवरदा - विविध, ईर = स्तुति करने वाले, चमत्कारयुक्त वाणी वाले हैं जिसके, वे हुए वीर, महान् वीर महावीर = चमत्कार युक्त वाणी वाले, अथवा बड़े—बड़े स्तुति करने वाले हैं जिसके वह देवी हुई महावीरा। या, महावीर का अर्थ है सौमिक पात्र, लक्षणा से पानपात्र अर्थ हुआ। पानपात्र वाली देवी है अर्थात् ब्रह्मरसामृत का पान करने वाली हैं। इन्द्रवरदा = इन्द्र को वर देने वाली देवी श्रीललिता हैं। ये सभी अर्थ महावीरेन्द्रवरदा के हैं।

मणिपूराब्जनिलया वदनत्रयसंयुता।
वज्रादिकायुधोपेता डामर्य्यादिभिरावृता॥ १०२ ॥

हिन्दी -

नाभि में स्थित दशदल कमल (मणिपूराब्ज) पर निवास करने वाली, (लाकिनी नाम की योगिनी) तीन मुखों से युक्त, वज्रादि-आयुधों वाली, तथा डामरी से लेकर फट्कारिणी तक दश शक्तियों से घिरी देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १०२ ॥

रक्तवर्णा मांसनिष्ठा गुडान्नप्रीतमानसा।
समस्तभक्तसुखदा लाकिन्यम्बास्वरूपिणी॥ १०३ ॥

हिन्दी -

लाल कान्ति वाली (रक्तवर्णा) मांस पर टिकने वाली, गुड़मिश्रित अन्न से प्रसन्न मन वाली, सभी भक्तों को सुख देने वाली, तथा लाकिनी-अम्बा के स्वरूप वाली देवी श्रीललिता जी को प्रणाम है ॥ १०३ ॥

विमर्श -

गुडान्नप्रीतमानसा = गुडेन मिश्रम् अन्नम् गुडान्नम्। गुडमिश्रित अन्न। तेन प्रीतं मानसं यस्याः सा गुडान्नप्रीतमानसा। गुडमिश्रित अन्न से प्रसन्न मानस वाली।

स्वाधिष्ठानाम्बुजगता चतुर्व्वक्त्रमनोहरा।
शूलाद्यायुधसम्पन्ना पीतवर्णाऽतिगर्विता ॥ १०४ ॥

हिन्दी -

स्वाधिष्ठान (लिङ्गदेश) में स्थित षट्दल-कमल पर रहने वाली (काकिनी नाम की योगिनी), चार मुखों से (मन को हरने वाली) सुन्दर, मनोहर, शूल आदि आयुधों से युक्त, पीत अङ्ग-कान्ति वाली, तथा सौन्दर्यादि के कारण अतिगर्वित देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १०४ ॥

मेदोनिष्ठा मधुप्रीता बन्धिन्यादिसमन्विता।
दध्यन्नासक्तहृदया काकिनीरूपधारिणी ॥ १०५ ॥

हिन्दी -

मेद नामक धातु-विशेष में रहने वाली, मधु से प्रसन्न, बन्धिनी आदि शक्तियों से समन्वित, दधि मिश्रित ओदन में आसक्त हृदय वाली, तथा काकिनी के रूप को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है ॥ १०५ ॥

मूलाधाराम्बुजारूढा पञ्चवक्त्राऽस्थिसंस्थिता।
अंकुशादिप्रहरणा वरदादिनिषेविता ॥ १०६ ॥

हिन्दी -

मूलाधार (अपने अधिष्ठान के नीचे विद्यमान) के चतुर्दल कमल पर आरूढ, पाँच मुखों वाली, अस्थि (हड्डी) पर सम्यक् स्थित, अंकुश आदि (चार) आयुधों वाली, तथा वरदा से सरस्वती तक चार शक्तियों से निरन्तर सेवित देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १०६ ॥

मुद्गौदनासक्तचित्ता साकिन्यम्बास्वरूपिणी।
आज्ञाचक्राब्जनिलया शुक्लवर्णा षडानना॥ १०७॥

हिन्दी -

मुद्ग (मूंग) मिश्रित ओदन पर आसक्त-चित्त वाली, साकिनी अम्बा के स्वरूप को धारण करने वाली, दोनों भौंहों के बीच स्थित द्विदल-कमल (आज्ञाचक्राब्ज) पर रहने वाली (हाकिनी नाम की योगिनी) शुक्ल वर्ण की कान्ति वाली तथा छः मुखों वाली देवी श्रीललिता जी को प्रणाम है॥ १०७॥

मज्जासंस्था हंसवतीमुख्यशक्तिसमन्विता।
हरिद्रान्नैकरसिका हाकिनीरूपधारिणी॥ १०८॥

हिन्दी -

मज्जा नामक धातु में पूर्णतः स्थित, हंसवती और मुख्या इन दो शक्तियों से सम्यक् अन्वित, या हंसवती ही जिन दो शक्तियों में मुख्य है, उन दो शक्तियों से समन्वित, हरिद्रामिश्रित अन्न की एकमात्र रस लेने वाली, (आनन्द लेने वाली) तथा हाकिनी देवी का रूप धारण करने वाली देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १०८॥

सहस्रदलमध्यस्था सर्ववर्णोपशोभिता।
सर्वायुधधरा शुक्लसंस्थिता सर्वतोमुखी॥ १०९॥

हिन्दी -

ब्रह्मरन्ध्रस्थ सहस्रदल कमल पर स्थित, सभी वर्णों (लाल, श्याम, श्वेत, रक्त, पीत, आदि) से सुशोभित (चित्रवर्ण वाली) अथवा अकार से क्षकार पर्यन्त नाम वाली (अमृता से क्षमावती तक) पचास शक्तियों से समीप में घिरी हुई, खट्वांगादि सभी प्रकार के आयुधों को धारण करने वाली, शुक्लधातु (शुक्र) में सम्यक् रहने वाली, अथवा रमणकालीन ध्यान विशेष में सम्यक् स्थित, तथा सभी दिशाओं में मुख धारण करने वाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है॥ १०९॥

विमर्श -

ब्रह्मरन्ध्र में सहस्रदल कमल पर याकिनी रहती है। श्रीललिता वहाँ स्थित होकर याकिनी-स्वरूपा हो जाती हैं। सर्ववर्णोपशोभिता = सभी वर्ण-अकार आदि, उन अकारादि-वर्णों से प्रारम्भ हुए नाम वाली पचास

शक्तियों से, उप = समीप में, शोभिता = घिरी हुई, या सर्ववर्ण = चित्रवर्ण, उससे उपशोभित सुशोभित हैं देवी श्री ललिता जी। शुक्ल का शुक्र अर्थ 'रलयोरभेदः' के नियम से लिया गया है। या भविष्यत् पुराण में रमणकालीन ध्यान विशेष को शुक्र कहा है। ध्यान विशेष में स्थित हैं देवी।

सर्वौदनप्रीतचित्ता याकिन्यम्बास्वरूपिणी।
स्वाहा स्वधाऽमतिर्मेधा श्रुतिस्मृतिरनुत्तमा॥ ११०॥

हिन्दी -

पायसादि तथा हरिद्रा-आदि मिश्रित सभी प्रकार के (ओदन) अन्नों से प्रसन्न चित्त वाली, याकिनी नामक अम्बा के स्वरूप को धारण करने वाली, स्वाहा रूप तथा स्वधा रूप, अमति = अविद्यारूपा, धारणायुक्त बुद्धिरूपा, (मेधा) श्रुतिरूपा, स्मृतिरूपा (श्रवण, स्मरण, ज्ञानरूपा) एवं सभी से उत्तम स्वरूप वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ११०॥

विमर्श -

देवता को प्रसन्न करने के लिए दी गई हवि स्वाहा है, तथा पितर को प्रसन्न करने के लिए दी गई वस्तु स्वधा है। स्वाहा एवं स्वधा भी देवी हैं। दुर्गा सप्तशती में उल्लेख है कि स्वाहाऽसि वै पितृगणस्य च तृप्तिहे - तुरुच्चार्यसे त्वमत एव जनैः स्वधा च। अथवा - स्वान् = स्वकीयान्, आजिहीते = गच्छति, इति स्वाहा। आत्मीयों को जानने वाली या प्राप्त होने वाली स्वाहा है।

पुण्यकीर्तिः पुण्यलभ्या पुण्यश्रवणकीर्तना।
पुलोमजार्चिता बन्धमोचिनी बन्धुरालका॥ १११॥

हिन्दी -

पुण्य देने वाली कीर्ति से युक्त, तथा पुण्यों से प्राप्ति के योग्य, जिनके श्रवण एवं कीर्तन से पुण्य मिलता है उसे, या पुण्यदायक नामादि के श्रवण एवं कीर्तन-स्वरूप वाली, इन्द्राणी से पूजित, अविद्या के बन्धन से या कारागार के बन्धन से मुक्त करने वाली, तथा ऊंचे नीचे (समासम) केशों वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १११॥

विमर्श -

पुलोमजा = पुलोम की पुत्री इन्द्राणी (शची)। इन्द्राणी ने नहुष के इन्द्र बनने पर पुनः इन्द्र को प्राप्त करने हेतु देवी की पूजा की थी।

देवी-भागवत में ऐसा उल्लेख मिलता है। अतः इन्द्राणी द्वारा अर्चित हुई देवी 'पुलोमजार्चिता' नाम से सम्बोधित की गई है।

विमर्शरूपिणी विद्या वियदादिजगत्प्रसूः।
सर्वव्याधिप्रशमनी सर्वमृत्युनिवारणी॥ ११२॥

हिन्दी -

प्रकाश-रूप ब्रह्म की स्वाभाविक अन्तःक्रियाशक्ति, मोक्षदायिका ज्ञानरूपा विद्या, आकाश - आदि समग्र संसार को उत्पन्न करने वाली, ज्वरादि समस्त रोगों को शान्त करने वाली, अपमृत्यु, कालमृत्यु, तथा मृत्यु के अन्य सभी कारणों को दूर करने वाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है॥ ११२॥

विमर्श -

विमर्श कहते हैं प्रकाशरूप परब्रह्म के स्वाभाविक अन्तःस्फुरण या क्रियाशक्ति को। वह अन्तःस्फुरण, या क्रियाशक्ति देवी का निज स्वरूप है। विद्या = 'विद्याऽसि सा भगवती परमा हि देवि' इस वचन से देवी को चैतन्यस्वरूपा या मोक्षदायिका-विद्या माना गया है।

अग्रगण्याऽचिन्त्यरूपा कलिकल्मषनाशिनी।
कात्यायनी कालहन्त्री कमलाक्षनिषेविता॥ ११३॥

हिन्दी -

संसार का मूल-कारण होने से, या वस्तुओं की गणना के समय सर्वोत्कृष्ट होने से, सर्वप्रथम गिनने योग्य, गुणों (सत्त्व रजसादि) के सम्पर्क से रहित होने के कारण अचिन्तनीय रूप वाली, या मलिन चित्त वाले जिसके रूप का चिन्तन भी न कर सकें, उसे, कलियुग के अतिप्रबल पापों का नाश करने वाली, ओड्याण पीठाधिष्ठित कात्यायनीरूपा, काल = मृत्यु, का हनन करने वाली, तथा कमलाक्ष = विष्णु, द्वारा अतिशय सेवित देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ११३॥

ताम्बूलपूरितमुखी दाडिमीकुसुमप्रभा।
मृगाक्षी मोहिनी मुख्या मृडानी मित्ररूपिणी॥ ११४॥

हिन्दी -

ताम्बूल = पान, से परिपूर्ण मुखवाली, दाडिमी के पुष्प सदृश अंगों की प्रभा = कान्ति, वाली, मृग के नेत्र-सदृश नेत्रों वाली, दुष्टों को भ्रमित

करने वाली, या सम्पूर्ण जगत् को मोहित करने वाली, सबसे पहले उत्पन्न होने के कारण मुख्या, मृड = सुखदायक परमशिव, की पत्नी, तथा मित्र = सूर्यो, के समान रूप वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ११४॥

नित्यतृप्ता भक्तिनिधिर्नियन्त्री निखिलेश्वरी।
मैत्र्यादिवासनालभ्या महाप्रलयसाक्षिणी॥ ११५॥

हिन्दी -

नित्य = हर समय तृप्त, या नित्य = स्वरूपानन्द, से तृप्त, भक्तों के लिए कामना पूरक होने से निधि के समान, (संसार का) नियन्त्रण करने वाली, सम्पूर्ण संसार की स्वामिनी, मैत्री करुणा मुदिता एवं उपेक्षा इन चार वासनाओं (चित्त-वृत्तियों) द्वारा प्राप्त होने योग्य, तथा महाप्रलय की साक्षिणी देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ ११५॥

विमर्श -

मैत्र्यादिवासनालभ्या = मैत्री, करुणा, मुदिता, एवं उपेक्षा ये चार वासनाएँ चित्त को निर्मल बनाती हैं। सुखी व्यक्तियों से मैत्री, दुखियों पर करुणा दिखाना, पुण्यों में मुदित होना, तथा पापियों की उपेक्षा करना, इन सभी से चित्त निर्मल होता है। निर्मलचित्त-व्यक्तियों द्वारा देवी प्राप्ति-योग्य हैं। महाप्रलय में समग्र संसार का, तथा ब्रह्मा, विष्णु आदि का भी नाश हो जाने से यही शिव की शक्ति-भूता देवी उसकी साक्षी रह जाती है, अतः देवी को 'महाप्रलयसाक्षिणी' बताया गया है।

पराशक्तिः परानिष्ठा प्रज्ञानघनरूपिणी।
माध्वीपानालसा मत्ता मातृकावर्णरूपिणी॥ ११६॥

हिन्दी -

पराशक्ति = उत्कृष्टशक्तिरूपा, या देह में दशमी धातुरूपा, उत्कृष्ट स्वरूप में स्थित रहने वाली, या उत्कृष्ट ज्ञानविशेष-रूपा, प्रकृष्टज्ञान = शुद्धसंविद्-मात्र रूप वाली, मदिरा सदृश द्राक्षारस के पान से बाह्य व्यापार शून्य (अलसा) अत एव मदयुक्ता, तथा अकारादि मातृका-वर्णों का स्वरूप वाली, देवी श्रीललिता को नमस्कार है।

विमर्श -

पराशक्तिः = शरीर में दशम-धातु। 'कामिकागम' में कहा गया है - "नवधातुरयं देहो नवयोनिसमुद्भवः। दशमी धातुरेकैव पराशक्तिरितीरितः"।

प्रज्ञानघनरूपिणी - प्रज्ञान = नित्य ज्ञान से, घन = निरन्तर अस्पृष्ट, रूपिणी = रूपवाली। या प्रज्ञान = शुद्ध-संविद्, परब्रह्म का, घन = एकमात्र, स्वरूप वाली। यह आत्मा अनन्तर अबाह्य एवं सम्पूर्ण प्रज्ञानघन है, ऐसा 'काण्व' में प्रतिपादित है। मातृकावर्णरूपिणी - मातृका = अकारादि से क्षकारान्त, उनके, वर्ण = शुक्ल आदि ही रूप हैं जिसके वह देवी। या इक्यावन मातृकावर्ण हैं, स्वरूप जिसके। या मातृकावर्ण ही रूप = वाचक, निरूपक हैं जिसके वह देवी हुई "मातृकावर्णरूपिणी"।

महाकैलाशनिलया मृणालमृदुदोर्लता।
महनीया दयामूर्तिर्महासाम्राज्यशालिनी॥ ११७॥

हिन्दी -

परमशिव का निवास-स्थान महाकैलास पर निवास करने वाली, विसतन्तु (कमलनाल के अन्दर का धागा) के सदृश कोमल बाहुलता वाली, महनीया, (सभी से पूजित) दया की मूर्ति, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड (महासाम्राज्य) की ऐश्वर्य वाली भगवती श्रीललिता को नमस्कार है॥ ११७॥

विमर्श -

महाकैलाशनिलया - कैलाश से भी ऊपर का स्थान महाकैलाश है। जहाँ पर शिव के साथ निवास करने से वह देवी का घर माना गया है। या 'त्रिपुरासार' के अनुसार ब्रह्मरन्ध्र में स्थित सहस्रार कमल ही कैलाश है। वहाँ बिन्दुरूपी 'देवदेव' रहते हैं। उसी का विस्तार महाकैलाश है, जहाँ देवी का निवास है।

महासाम्राज्यशालिनी - सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को महासाम्राज्य माना है। महा-साम्राज्य से शोभा पाने वाली, या उसके समस्त ऐश्वर्यों की स्वामिनी होने से सुशोभित होने वाली देवी के लिए, यह पद आया है। या महाकैलाश का आधिपत्य ही महासाम्राज्य है। उससे शोभा पाने वाली।

आत्मविद्या महाविद्या श्रीविद्या कामसेविता।
श्रीं षोडशाक्षरी विद्या त्रिकूटा कामकोटिका॥ ११८॥

हिन्दी -

आत्मज्ञान रूपा होने से महाविद्या स्वरूप वाली, (अष्टाक्षर-मन्त्र-रूपा, या नवदुर्गाविद्या-रूपा) पञ्चदशीस्वरूपा श्रीविद्या, (सौभाग्य विद्या-रूपा) मन्मथ द्वारा सेवित, श्रीरूपा षोडशाक्षरी विद्या वाली, विद्यास्वरूपा, वाग्भव आदि तीन कूटों से अभिन्न (या ब्रह्मा आदि के अवस्था, पीठ, लोक एवं गुणों का समूह

जिसमें है, उस देवी को) तथा सौन्दर्य की उपमामूला, या शिवरूप एक भाग वाली देवी श्रीललिता को प्रणाम है ॥ ११८ ॥

विमर्श -

महाविद्या - आत्मविज्ञानरूपा होने से देवी अष्टाक्षर-मन्त्ररूपा महाविद्या हैं। नवदुर्गा-विद्या को भी महाविद्या कहते हैं। विष्णु पुराण में आया है कि - "यज्ञविद्या महाविद्या गुह्यविद्या च शोभने। आत्मविद्या च देवि त्वं विमुक्तिफलदायिनी"। कामकोटिका – काम = सौन्दर्य की, कोटि = उपमाभूता। या, काम = परशिव ही, कोटि = एक भाग है जिस देवी का वह, शिवशक्ति सामरस्य वाली देवी कामकोटिका हुई।

कटाक्षकिंकरीभूतकमलाकोटिसेविता।
शिरःस्थिता चन्द्रनिभा भालस्थेन्द्रधनुःप्रभा॥ ११९ ॥

हिन्दी -

कटाक्ष मात्र से आज्ञा पालन करने वाली लक्ष्मी-समूहों से सेवित, ब्रह्मरन्ध्र में स्थित, पूर्णचन्द्र के समान कान्तिवाली, तथा आज्ञाचक्र (भाल में) में स्थित इन्द्रधनुष के समान प्रभा वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ ११९ ॥

विमर्श -

क़टाक्ष = नेत्र के एक भाग से थोड़ा देखने मात्र से ही, किङ्करीभूत = दासी सदृश आज्ञाकारिणी, कमलाकोटि = लक्ष्मी-समूहों से, सेवित हैं जिस देवी के भक्त वह देवी। अर्थात् जिस पर कटाक्षपात हो जाये वह अनन्त लक्ष्मी का पात्र हो जाता है। शिरः = ब्रह्मरन्ध्र, चन्द्रनिभा = ब्रह्मरन्ध्र के नीचे का स्थान चन्द्र-स्थान है। भालस्था - चन्द्रस्थान से ऊपर अर्द्धचन्द्र रूप में भाल पर देवी स्थित है।

हृदयस्था रविप्रख्या त्रिकोणान्तरदीपिका।
दाक्षायणी दैत्यहन्त्री दक्षयज्ञविनाशिनी॥ १२० ॥

हिन्दी -

अनाहतनाद या पराबीजरूपी हृदय में ध्येय भाव से स्थित रहने वाली, हृदयस्थ सूर्यमण्डल में सूर्य समान कान्ति वाली, मूलाधार एवं पद्मकर्णिका रूप त्रिकोण के मध्य में स्थित दीपक के समान प्रकाशवाली, दक्ष की कन्या, या दाक्षायण-यज्ञ-स्वरूप वाली, भण्डासुर आदि दैत्यों का वध करने वाली, तथा दक्ष के यज्ञ को विनष्ट करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १२० ॥

विमर्श -

दाक्षायणी - दक्ष की कन्या। दर्श और पूर्णमास की आवृत्ति दाक्षायण यज्ञ कहलाता है। दाक्षायण यज्ञरूपिणी। दक्षयज्ञविनाशिनी - अपने पति शिव का अपमान होने से पिता दक्ष की यज्ञाग्नि में देवी ने स्वयं को आहुत कर दिया था जिससे क्रुद्ध होकर शिवगणों ने यज्ञ को नष्ट कर दिया। यज्ञ के नाश का कारण होने से देवी को 'दक्षयज्ञविनाशिनी' कहा गया है।

दरान्दोलितदीर्घाक्षी दरहासोज्ज्वलन्मुखी।
गुरुमूर्तिर्गुणनिधिर्गोमाता गुहजन्मभूः॥ १२१॥

हिन्दी -

थोड़ी चञ्चल, विशाल नयनों वाली, या भय को नष्ट करने वाले विशाल नयनों से युक्त, मन्द हास्य से शोभायमान मुखवाली, गुरुरूप शरीर वाली, या अन्धकार-नाशक शरीर वाली, सौन्दर्यादि गुणों की निधि, (या नव व्यूहात्मकत्वरूप गुण वाली) वाणी (वेदादि) की जननी, तथा गुह = कार्तिकेय, की उत्पत्ति की भूमि, या गुह = अविद्या से घिरे जीवों, की जन्मभूमि देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १२१॥

विमर्श -

दरान्दोलितदीर्घाक्षी-दर = थोड़ा, या भय, आन्दोलित = चञ्चल, या नाश, जिनके चञ्चल विशाल नयन हैं। या, जिनके नेत्र भय को नष्ट करने वाले हैं। गुरुमूर्तिः - गुरु = मन्त्र, देवता और गुरु, ये तीनों मूर्तिः = स्वरूप या शरीर, देवी के हैं। गुण = सौन्दर्यादि या सत्त्वादि। गो = गाएँ अथवा वाणी (वेदादिरूपा)। गुहजन्मभूः -- गुह = कार्तिकेय, अथवा अविद्या से संवृत जीव। जीवों की उत्पत्ति भूमि तथा कार्तिकेय की जननी।

देवेशी दण्डनीतिस्था दहराकाशरूपिणी।
प्रतिपन्मुख्यराकान्ततिथिमण्डलपूजिता॥ १२२॥

हिन्दी -

ब्रह्मा विष्णु आदि देवों की स्वामिनी, या, देवेश = शिव की पत्नी, दण्डनीति में आज्ञारूप से स्थित, हृदयकमल में स्थित आकाश के समान रूपवाली, तथा प्रतिपद् से लेकर पूर्णिमा तक के तिथिमण्डलों में पूजित, (तिथि के अनुसार भिन्न-भिन्न पूजा को प्राप्त करने वाली) देवी को नमस्कार है॥ १२२॥

विमर्श -

दण्डनीतिस्था - दण्डनीति में आज्ञारूप से स्थित, या, दण्डनीति = अर्थनीति, में स्थित, या, दण्डनीति = नीतिशास्त्र, में स्थित। दहराकाशरूपिणी - दहर = अल्प, आकाश = हृदय-कुहर, में रहने वाला, वही रूप है जिस देवी का वह देवी। या - दहर = हृदयकमल-रूप घर, या, दहराकाश = अन्तः आकाश, जो परब्रह्म का स्वरूप है। हृदय-कमल में स्थित आकाश के समान, या, अल्प आकाश में स्थित स्वरूप वाली, या, परब्रह्म-रूपा देवी, ये अर्थ हो सकते हैं।

कलात्मिका कलानाथा काव्यालापविनोदिनी।
सचामररमावाणीसव्यदक्षिणसेविता॥ १२३॥

हिन्दी -

चौंसठ कला-स्वरूपा, (अग्नि की दशकला, सूर्य की बारह कला तथा चन्द्र की सोलह कला सहित अन्य कला रूपा) कलाओं की स्वामिनी, या कलानाथा = चन्द्रस्वरूपा, काव्यालापों से विनोद वाली, चामर सहित लक्ष्मी तथा वाणी = सरस्वती, द्वारा बायें एवं दायें भाग से सेवित देवी श्रीललिता जी को प्रणाम है॥ १२३॥

विमर्श -

कलात्मिका - सभी कलाएँ देवी का स्वरूप हैं। सोलह कामकलाएँ, श्रीविद्या की सोलह कलाएँ, आदि—आदि कलाओं की स्वामिनी होने से कलानाथा भी हैं। या, कलानाथ चन्द्र को कहते हैं। चन्द्रमण्डल, श्रीचक्र-रूप होने से देवी चन्द्र-स्वरूपिणी है।

आदिशक्तिरमेयाऽऽत्मा परमा पावनाकृतिः।
अनेककोटिब्रह्माण्डजननी दिव्यविग्रहा॥ १२४॥

हिन्दी -

संसार को उत्पन्न करने वाली आदि शक्ति, (कारण-शक्ति), मापने के अयोग्य, या जिसको छोड़कर कोई अन्य मेय नहीं है, उसे, जीवरूपा, (आत्मा) उत्कृष्ट-स्वरूपा, या, पर = शिव की, मा = लक्ष्मीरूपा, पवित्र आकृति वाली या, पवित्र करने वाली मूर्ति, अनेक कोटि ब्रह्माण्डों की जननी, तथा रमणीय शरीर वाली, या, अन्तरिक्ष में युद्ध करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १२४॥

क्लींकारी केवला गुह्या कैवल्यपददायिनी।
त्रिपुरा त्रिजगद्वन्द्या त्रिमूर्तिस्त्रिदशेश्वरी॥ १२५॥

हिन्दी -

क्लींकारी = काम-बीजस्वरूपिणी, या, शिवरूप काम की पत्नी, सभी धर्मों से रहित केवल स्वरूप वाली, अतिरहस्य रूपा, (गुह्या) कैवल्य = (स्वर्ग या मोक्ष) को दिलाने वाली, ज्ञाता, ज्ञान, एवं ज्ञेय के रूप में नियत तीन वस्तुओं से प्राचीन रूप वाली, या—ब्रह्मा, विष्णु, महेश, इन तीनों से प्राचीन स्वरूप वाली, या—इडा, पिङ्गला, एवं सुषुम्णा इन तीनों नाड़ियों में रहने वाली (त्रिपुरा), तीनों लोकों में वन्दनीय, ब्रह्मा, विष्णु व शिवमूर्ति वाली, या— कृष्णा, शुक्ला, एवं पीतवर्ण-शरीर वाली, तथा त्रिदश = देवों की स्वामिनी, अथवा तीनों दशाओं की स्वामिनी, देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १२४॥

त्र्यक्षरी दिव्यगन्धाढ्या सिन्दूरतिलकाञ्चिता।
उमा शैलेन्द्रतनया गौरी गन्धर्वसेविता॥ १२६॥

हिन्दी -

त्र्यक्षरी (तीन अक्षर) बीज रूपा, (वाक्, कामशक्ति एवं बीजरूपा) या—शुद्धविद्या कुमारी, या—मन्त्ररूपा, दिव्य-गन्धों से परिपूर्ण, (अथवा - दिव्य = देवादि के सम्बन्धों से परिपूर्ण) सिन्दूर के तिलक से युक्त, (या नागों से, अथवा स्त्रियों से पूजित, या गजगामिनी) उमा = परशिव को सीमित करने वाली, (या कीर्ति व कान्ति-स्वरूपा) हिमालय की पुत्री, गौरवर्णा गौरी, तथा गन्धर्वों द्वारा पूजित (सेवित) देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १२६॥

विमर्श -

त्र्यक्षरी तु महात्रिपुरसुन्दरी। त्र्यक्षरी शुद्धविद्या कुमारी च। (गौड़ पादीये) वाक्, काम, एवं बीजरूप तीन अक्षरों का समूह देवी है। सिन्दूर-तिलकांचिता = "सिन्दूरतिलके नागे सिन्दूरतिलका स्त्रियाम्" (विश्वः) "सिन्दूर-तिलको हस्ती सिन्दूरतिलकाङ्गना", हेमचन्द्रः। सिन्दूर के तिलक से युक्त, या—नाग वा स्त्रियों से पूजित, अथवा हाथी के समान गति वाली। (अञ्चु गति-पूजनयोः)।

उमा - उं = परशिवं, माति = परिच्छिनत्ति इति उमा। शिव को सीमित करने वाली शक्ति।

विश्वगर्भा स्वर्णगर्भाऽवरदा वागधीश्वरी।
ध्यानगम्याऽपरिच्छेद्या ज्ञानदा ज्ञानविग्रहा॥ १२७॥

हिन्दी -

सम्पूर्ण जगत् को अपने में रखे हुई, स्वर्ण को अपने में रखे हुई, या सुन्दर मातृकावर्ण को अपने गर्भ में रखे हुई, या—सुन्दर मन्त्रों को अपने गर्भ में रखे हुई, विष्णु को वर देने वाली, या—दैत्यों को खण्डित करने वाली, वाणी की स्वामिनी, ध्यान से जानने योग्य, देश और काल से अपरिमित (निर्धारण योग्य नहीं) भक्तों को आत्म-विषयक ज्ञान देने वाली, तथा ज्ञान-रूप शरीर वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १२७॥

विमर्श -

स्वर्णगर्भा - सु = सुन्दर हैं, अर्ण = मातृकावर्ण, गर्भ में जिसके वह। या, सु = सुन्दर, अर्ण = मन्त्र हैं गर्भ में जिसके वह देवी। अवरदा - अः = विष्णु को, वरदा = वर देने वाली। या—अवरान् = दैत्यों, अनार्यों को, दा = द्यति = खण्डयति, खण्डित करती है, वह अवरदा हुई। अथवा अव = कान्तियुक्त, रदाः = दाँत हैं जिसके, वह।

सर्ववेदान्तसंवेद्या सत्यानन्दस्वरूपिणी।
लोपामुद्रार्चिता लीलाक्लृप्तब्रह्माण्डमण्डला॥ १२८॥

हिन्दी -

उपनिषद् समूहों से भलीभाँति जानने योग्य, सत्य और आनन्द-स्वरूप वाली, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा द्वारा पूजित, या लोपामुद्रा नामक विद्या से पूजित, तथा खेल—खेल में ही ब्रह्माण्ड मण्डलों की रचना करने वाली देवी श्रीललिता जी को नमस्कार है॥ १२८॥

विमर्श -

लोपामुद्रा = अगस्त्य की पत्नी तथा त्रिपुरासिद्धान्त के अनुसार लोपामुद्रा से पूजित देवी भी लोपामुद्रा हैं। या यह विद्या-विशेष है।

अदृश्या दृश्यरहिता विज्ञात्री वेद्यवर्जिता।
योगिनी योगदा योग्या योगानन्दा युगन्धरा॥ १२९॥

हिन्दी -

अदृश्यस्वरूपवाली, दृश्य = व्यावहारिक भाव-तत्त्वों से रहित,

(पारमार्थिक-तत्त्वरूपा) विशेष ज्ञान वाली, वेद्य = जानने योग्य भाव से वर्जित, डाकिनी आदि सात योगिनियों के स्वरूप वाली, या—शिव के साथ सम्बन्ध वाली, भक्तों को चित्तवृत्तिनिरोध रूप योग को देने वाली (मन्त्रयोग, लययोग, हठयोग व राजयोग को देने वाली) योग से साध्य, शिवशक्ति समरसतारूप (योग) आनन्द वाली, या—योगनिद्रास्वरूपा, या—नृसिंह रूपा, तथा सत्युगादि को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १२९ ॥

विमर्श -

योगदा - योग = विषयसंग, या—भोग, उसको देने वाली, यह अर्थ भी सम्भव है। युगन्धरा = युग का अर्थ है - हाथ, रथ, सीर, जुआ, सत्, त्रेता-आदि युग, युगल, औषधि, उनको धारण करने वाली देवी जगत् की निवार्हिका होकर युगन्धरा है।

इच्छाशक्तिज्ञानशक्तिक्रियाशक्तिस्वरूपिणी।
सर्वाधारा सुप्रतिष्ठा सदसद्रूपधारिणी॥ १३० ॥

हिन्दी -

इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया-शक्ति रूप स्वरूप वाली, सम्पूर्ण जगत् की आधार रूपा, या—जगती की धारा = परम्परा रूपा, संसार की सुन्दर प्रतिष्ठा रूपा, (अधिष्ठान-रूपा) या बीस अक्षरों का छन्दविशेष रूप वाली, तथा ब्रह्म (सत्) और जगत् (असत्) के रूप को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है ॥ १३० ॥

विमर्श -

देवी की तीन शक्तियाँ उनका स्वरूप ही हैं। यथा - इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति। वामकेश्वर तन्त्र में आया है - "त्रिपुरा त्रिविधा देवी ब्रह्मविष्णवीशरूपिणी। ज्ञानशक्तिः क्रियाशक्तिरिच्छाशक्त्यात्मिका प्रिये"। ज्ञान, इच्छा एवं यत्न में पूर्व—पूर्व उत्तर = आगे वाले का जगत् निर्माण में सहायक कारण बनता है। क्रिया का अर्थ यत्न है।

अष्टमूर्तिरजाजैत्री लोकयात्राविधायिनी।
एकाकिनी भूमरूपा निर्द्वैता द्वैतवर्जिता॥ १३१ ॥

हिन्दी -

पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा तथा यज्वा इन आठों का स्वरूप वाली या लक्ष्मी मेधा आदि आठ शरीर वाली, अविद्या की

नाशिका, चौदह भुवनों का प्रलय और संरक्षण (यात्रा) करने वाली, एकाकिनी (सहाय रहित) आनन्दब्रह्म रूपा, द्वैतभाव से निकली हुई, तथा द्वैतभाव से सर्वथा वर्जित रूपवाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १३१॥

विमर्श -

अष्टमूर्तिः = उपर्युक्त के अतिरिक्त जीवात्मा, परमात्मा, अन्तरात्मा, निर्मल, शुद्धात्मा, ज्ञानरूपात्मा, महात्मा, एवं भूतात्मा ये आठ मूर्तियाँ मानी गई हैं। सूर्य, जल, पृथिवी, वह्नि, वायु, आकाश, दीक्षित-ब्राह्मण, तथा सोम ये आठ मूर्तियाँ विष्णु-पुराण में वर्णित हैं। इसके अतिरिक्त - लक्ष्मी, मेधा, धरा, पुष्टि, गौरी, तुष्टि, प्रभा एवं धृति ये आठ शरीर मत्स्य-पुराण में वर्णित हैं। इन सभी की मूर्ति (शरीर) देवी की मूर्ति है।

अन्नदा वसुधा वृद्धा ब्रह्मात्मैक्यस्वरूपिणी।
बृहती ब्राह्मणी ब्राह्मी ब्रह्मानन्दा बलिप्रिया॥ १३२॥

हिन्दी -

अन्न देने वाली, धन देने वाली, सबसे ज्येष्ठ, या—लोगों को बढ़ाने वाली, चैतन्य के साथ जीवों का एकीभाव-रूप स्वरूप वाली, या—शिव और जीवों की एकरूपता ही स्वरूप है जिसकी, उसे, बृहती (छत्तीस वर्णों वाला छन्द-विशेषरूपा, या—बड़ों से भी बड़ी) ब्राह्मणी (शिव की पत्नी, या—औषधि विशेष रूपा), ब्रह्मशक्ति-स्वरूपा या—ब्राह्मी वाक्-रूपा, ब्रह्मानन्द वाली, तथा बलि = पूजा, उपहार आदि, को चाहने वाली, (या—कामादि शत्रुओं को जीतने वाले जिसे प्रिय हैं, उसे) देवी को नमस्कार है॥ १३२॥

भाषारूपा बृहत्सेना भावाऽभावविवर्जिता।
सुखाराध्या शुभकरी शोभना सुलभागतिः॥ १३३॥

हिन्दी -

संस्कृतादि भाषाओं से निरूपण योग्य, चतुरङ्ग-सेना वाली, भाव और अभाव = सत् और असत् से सर्वथा रहित (भावाभाव से भिन्न) सुखपूर्वक आराधना के योग्य, भक्तों का शुभ करने वाली, शोभना = मोक्षादि पुरुषार्थरूपा, तथा प्राप्त करने में सुलभ (या—दुर्लभ मानुषादि जन्म को सुन्दर बनाने वाली) देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १३३॥

विमर्श -

भाषारूपा = संस्कृत, प्राकृतादि-भाषाएँ हैं रूप जिसके, या भाषाओं

द्वारा, रूपयितुम् योग्या = निरूपण योग्य। भावाभाव दोनों पदार्थों से विशिष्ट होने के कारण देवी "भावाऽभावविवर्जिता" हैं। शोभनासुलभागतिः = सुन्दर और सुलभ आगति (प्राप्ति) वाली, या शोभना चासौ असुलभा च = सुदुर्लभा। सुदुर्लभा आगतिः = पुनरावृत्तिः यया। जिससे आगति = पुनः आगमन, अत्यन्त कठिन हो, वह मोक्षरूपा देवी। या असुलभागतिः = दुर्लभजन्म, शोभना = सुन्दर है, जिससे, वह देवी।

राजराजेश्वरी राज्यदायिनी राज्यवल्लभा।
राजकृपा राजपीठनिवेशितनिजाश्रिता॥ १३४॥

हिन्दी -

इन्द्रादि के राजा ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदि (राजराज) की भी स्वामिनी, (या—राजराज = शिव की पत्नी) भक्तों को राज्य देने वाली, या—वैकुण्ठ, कैलास, आदि का भी आधिपत्य देने वाली, जगत् के साम्राज्य को प्रिय मानने वाली (राज्य = जगत्साम्राज्य, प्रिय हैं जिसे, वह देवी) प्रकाशमय कृपा वाली, तथा राजाओं एवं इन्द्र-आदि के पीठ पर अपने आश्रितों को बैठाने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १३४॥

विमर्श -

राजराज = राजाओं के राजा, उनकी ईश्वरी, राजराज हुए ब्रह्मा, विष्णु, महेश, और कुबेर। उनकी स्वामिनी। या—राजराजेश्वर = शिव की पत्नी हुई राजराजेश्वरी। राजकृपा = राजन्ती शोभमाना कृपा यस्याः, शोभामय, प्रकाशमय कृपा वाली। राजपीठनिवेशितनिजाश्रिता--राजपीठे = राजाओं के पीठ पर, निवेशिताः = बैठा दिए गए हैं, निजाश्रिताः = अपने आश्रित जन जिसके द्वारा, वह देवी।

राज्यलक्ष्मीः कोशनाथा चतुरङ्गबलेश्वरी।
साम्राज्यदायिनी सत्यसंधा सागरमेखला॥ १३५॥

हिन्दी -

राज्यसम्बन्धिनी लक्ष्मी, अन्न, रत्नादि की स्वामिनी, हाथी, घोड़े, रथ व पदसैनिक-रूप चतुरङ्गबल वाली सेना की नायिका, साम्राज्य को देने वाली, सत्यप्रतिज्ञा और मर्यादा वाली, तथा सागररूप मेखला वाली भूमि के स्वरूप को धारण करने वाली देवी श्रीललिता को नमस्कार है॥ १३५॥

विमर्श -

